सार्वजनिक शुल्क: अपनी ज़रूरत की जानकारी प्राप्त करना
अद्यतित सितंबर 2019

PROTECTING IMMIGRANT FAMILIES

सार्वजनिक शुल्क क्या है?
"सार्वजनिक शुल्क" या "सार्वजनिक शुल्क परीक्षण" का इस्तेमाल आप्रवासन अधिकारियों द्वारा यह निर्णय करने के लिए किया जाता है कि क्या कोई व्यक्ति U.S. में प्रवेश कर सकता है या उसे ग्रीन कार्ड (क़ानूनन स्थायी निवासी या "LPR" का दर्जा) मिल सकता है। इस परीक्षण में, अधिकारी व्यक्ति की सभी परिस्थितियों को देखते हैं, जिनमें आय, रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा या कौशल, पारिवारिक स्थिति और यह शामिल है कि क्या किसी प्रायोजक ने व्यक्ति को समर्थन देने का वादा करते हुए संविदा ("समर्थन का हलफ़नामा") पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारी यह भी देख सकते हैं कि क्या व्यक्ति ने कुछ लाभ प्रोग्रामों का उपयोग किया है (अतीत में, केवल नकद सहायता और दीर्घकालिक देखभाल गिने जाते थे)।

सार्वजनिक शुल्क में परिवर्तन
सरकार सार्वजनिक शुल्क के फ़ैसले करने का तरीका बदल रही है। आप्रवासन अधिकारी स्वास्थ्य, उम्र, आय, कौशल (अंग्रेज़ी भाषा कौशलों सहित), और अधिक सार्वजनिक प्रोग्रामों के उपयोग जैसे कारकों को अधिक बारीकी से देखेंगे, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- पूरक पोषण सहायता प्रोग्राम (SNAP, "EBT" या "फ़ूड स्टैम्प्स")
- संघीय सार्वजनिक आवास और धारा 8 सहायता
- Medicaid (आपातकालीन सेवाओं, 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, और नई माताओं के सिवाए)
- नकद सहायता प्रोग्राम (जैसे SSI, TANF, सामान्य सहायता)

***ऐसी सेवाएँ जो ऊपर सूचीबद्ध नहीं हैं, उन्हें नए सार्वजनिक शुल्क परीक्षण में नहीं गिना जाएगा। इसमें WIC, CHIP, स्कूल लंच, फ़ूड बैंक, शेल्टर, और बहुत-सी अन्य चीजें शामिल हैं - यदि आप पात्र हैं, तो इन प्रोग्राम को प्राप्त करना सुरक्षित है।

अपने परिवार के लिए सही विकल्प चुनना
हर परिवार अलग होता है, और हो सकता है कि आपके परिवार की मदद करने वाले प्रोग्राम नए परिवर्तनों का हिस्सा न हों। हम जानते हैं कि आप हमारे मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए चिंतित हैं - लेकिन हम अपने अधिकारों के बारे में जितना अधिक जानते हैं, ट्रम्प प्रशासन के लिए हमें डराना उतना ही मुश्किल हो जाता है। बहुत सारे लोग और संगठन हैं, जो आपकी मदद कर सकते हैं। इस मुद्दे से परिचित आप्रवासन वकील आपकी विशिष्ट स्थिति के आधार पर आपको सलाह दे सकता है। स्थानीय लाभ-निरपेक्ष संस्थाएं भी मदद और क़ानूनी सलाह देने में सक्षम हो सकती हैं। मुफ़्त या कम लागत के विकल्पों के लिए यहाँ जाएँ: https://www.immigrationadvocates.org/nonprofit/legaldirectory/।

परिवर्तन अभी तक लागू नहीं हैं
आप्रवासन अधिकारियों द्वारा नए परिवर्तनों का उपयोग 15 अक्तूबर तक नहीं किया जाएगा, और ये केवल उन आवेदनों पर लागू होंगे, जो 15 अक्तूबर **को या उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से या डाक से भेजे गए हैं।** यदि आप ठीक अब अमेरिका में ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो ऊपर सूचीबद्ध गैर-नकद लाभों का उपयोग सार्वजनिक शुल्क परीक्षण में नहीं गिना जाएगा। और, यह संभव है कि नियम को क़ानूनी चुनौतियाँ मिलने के कारण अवरुद्ध या विलंबित किया जाए।

- यह नियम 15 अक्तूबर 2019 से पहले उपयोग किए जाने वाले किसी भी प्रोग्राम (नकद या दीर्घकालिक देखभाल के सिवाए) की गणना भी नहीं करेगा। आपके पास अभी भी इस बारे में फ़ैसला लेने का समय है कि महत्वपूर्ण सार्वजनिक प्रोग्रामों में नामांकित रहें या नहीं।
- आपके U.S. नागरिक बच्चों द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रोग्रामों का आपके ख़िलाफ़ उपयोग नहीं किया जाएगा।

14 अगस्त, 2019
संघीय रजिस्टर में प्रकाशित अंतिम नियम

14 अगस्त, 2019 - 15 अक्तूबर 2019 (60 दिन की अवधि)
नियम को रोकने के लिए क़ानूनी चुनौतियाँ दी जा रही हैं। आपके पास अपनी स्थिति के बारे में किसी विशेषज्ञ से बात करने का समय भी है। तथ्यों के साथ डर से लड़ें - अपने अधिकारों को जानें!

15 अक्तूबर, 2019
नए परिवर्तनों की प्रभावी तिथि

PROTECTING IMMIGRANT FAMILIES

सार्वजनिक शुल्क: क्या यह मुझ पर लागू होता है?

क्या आपके और आपके परिवार के सदस्यों के पास पहले से ही ग्रीन कार्ड हैं?

सार्वजनिक शुल्क और इस नियम के तहत कोई भी परिवर्तन आपको प्रभावित **नहीं करेगा।** फिर भी, यदि आप 6 महीने से अधिक समय के लिए देश छोड़ने की योजना बनाते हैं, तो आप्रवासन वकील के साथ बात करना अच्छा रहेगा।

क्या आप निम्नलिखित स्थितियों में से किसी के लिए आवेदन कर रहे हैं या यह आपके पास है?

यू.एस. नागरिकता, ग्रीन कार्ड नवीकरण, TPS, U या T वीज़ा, शरण या शरणार्थी की स्थिति, या विशेष आप्रवासी किशोर की स्थिति

सार्वजनिक शुल्क परीक्षण कुछ आप्रवासियों पर लागू नहीं होता, जिनमें यहाँ सूचीबद्ध श्रेणियाँ शामिल हैं। यदि आपके पास निम्नलिखित स्थितियों में से कोई आप्रवासन स्थिति पहले से ही है या आप इसके लिए आवेदन करने की प्रक्रिया में हैं, तो आप किसी ऐसे सरकारी प्रोग्राम का उपयोग करना जारी रख सकते हैं, जिसके लिए आप पात्र हैं। इस स्थिति में रहने के दौरान आपको मिलने वाले लाभ भविष्य में आपके ख़िलाफ़ नहीं गिने जाएँगे, भले ही आप किसी अन्य आधार पर ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करें।

क्या आपका परिवार संयुक्त राज्य अमेरिका के अंदर से ग्रीन कार्ड या वीज़ा के लिए आवेदन करने की योजना बना रहा है?

यदि आपको यह पक्का पता नहीं है कि यह नीति आप पर लागू होती है या नहीं, तो हमारी सलाह है कि आप किसी ऐसे वकील से सलाह लें, जो नए बदलावों को समझता हो। यदि आप सार्वजनिक शुल्क के अमान्यता परीक्षण के अधीन नहीं हैं, तो हमारी सलाह है कि आप वह सहायता लेते रहें, जिसकी आपको और आपके परिवार को आवश्यकता है।

क्या आपका परिवार संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर से ग्रीन कार्ड या वीज़ा के लिए आवेदन करने की योजना बना रहा है?

विदेशों में U.S. कांसुलर कार्यालय यह फ़ैसला करने के लिए विभिन्न नियमों का उपयोग करते हैं। कोई भी फ़ैसला करने से पहले आपको अपने मामले में सलाह के लिए विशेषज्ञ से बात करनी चाहिए। अपने पास के मुफ़्त या कम लागत वाले विकल्पों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.immigrationadvocates.org/nonprofit/legaldirectory/

अधिक संसाधनों के लिए यहाँ जाएँ WWW.PROTECTINGIMMIGRANTFAMILIES.ORG